भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 398

(दिनांक 27.11.2024 को उत्तर देने के लिए)

वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण लोगों के लिए कार्यक्रम

398. श्री आशीष दुबेः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण लोगों की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उनसे संबंधित अधिक कार्यक्रम प्रसारित करने पर जोर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है तथा आकाशवाणी जबलपुर द्वारा प्रसारित ऐसे कार्यक्रमों की संख्या कितनी है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): प्रसार भारती नियमित रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी स्टेशनों के विभिन्न चैनलों के माध्यम से देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण/जनजातीय लोगों की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संबंध में जागरूकता के सृजन और संवर्धन के लिए कार्यक्रमों का टेलीकास्ट/प्रसारण करता है।

प्रसार भारती का समाचार नेटवर्क देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और न्यूज स्टोरीज का प्रसारण करता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और जनजातीय समुदायों की विरासत भी शामिल हैं।

इनमें पूर्वोत्तर पर केन्द्रित वृत्तचित्रों और कहानियों का प्रसारण तथा जनजातीय गौरव दिवस (जनजातीय नेताओं और पारंपरिक प्रथाओं के बारे में कहानियों के साथ वार्षिक उत्सव) और हॉर्नबिल महोत्सव (पूर्वोत्तर भारत से) जैसे जनजातीय त्योहारों का कवरेज शामिल है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे कार्यक्रमों में भारत की विविधतापूर्ण जनजातीय विरासत से जुड़ी कहानियाँ शामिल हैं, जो उनके नृत्यों, हस्तशिल्प और लोककथाओं के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं। प्रसार भारती के क्षेत्रीय चैनलों/रेडियो स्टेशनों पर स्थानीय भाषा की समाचार कवरेज विशिष्ट जनजातीय संस्कृतियों की व्यापक पहुंच और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती है।

आकाशवाणी जबलपुर सहित आकाशवाणी नेटवर्क, महिला सशक्तिकरण, कृषि नवाचार का प्रसार, किसान कल्याण के साथ ग्रामीण पुनरुद्धार आदि पर विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित करता है, जो देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण लोगों के लक्षित दर्शकों को कवर करते हैं।

आकाशवाणी जबलपुर भी ग्रामीण लोगों के लिए दैनिक आधार पर “कृषि जगत” में सायं 7.21 बजे से 8 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहा है।

****